छठ घाटों पर आज उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब, तैयारी पूरी

दीनदयाल नगर घाट पर बच्चों के मनोरंजन के लिये लग रहे आकर्षक झूले, सजने लगीं मिठाई, चाट और गोलगप्पे की दुकानें

छठ महापर्व लक्ष्मीपुर, सौराहा और रतनपुरवा समेत विभिन्न गांवों में सजे-धजे छठ घाट

बगहा (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर बगहा नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व के नजदीक आते ही शहर के प्रमुख छठ घाटों पर रौनक बढ़ने लगी है। घाटों की साफ-सफाई, सजावट, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा समितियों की ओर से इस बार व्रतियों और श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। नगर क्षेत्र के गोड़िया पट्टी, दीनदयाल नगर, रुद्रमाला, शास्त्री नगर और कैलाश नगर सहित अन्य प्रमुख छठ घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए घाटों पर पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने के साथ वाहनों की पार्किंग के लिए भी अलग-अलग स्थान चिह्नित किए जा रहे हैं। पूजा समितियों के सदस्य व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटे हैं, ताकि व्रतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। संध्या और प्रात:कालीन अर्घ्य के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्तों की



व्यवस्था भी की जा रही है। इससे घाटों तक पहुंचने और पूजा संपन्न होने के बाद वापस लौटने में सहूलियत होगी। साथ ही प्रमुख सड़कों पर जाम की स्थिति से बचने में भी मदद मिलेगी। इधर, प्रशासन की ओर से भी पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। घाट पर बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष इंतजाम : दीनदयाल नगर छठ घाट पर इस बार पूजा-अर्चना के साथ मनोरंजन की भी व्यवस्था की जा रही है। यहां बच्चों के लिए ब्रेक डांस, नाव झूला और छोटे बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा घाट परिसर के आसपास नाश्ते, मिठाई, चाट और गोलगप्पे की दुकानें भी सजने लगी हैं। शहर के अन्य प्रमुख घाटों पर भी खिलौने और खानपान के स्टॉल लगाने की तैयारी चल रही है। इससे अर्घ्य के बाद घाटों पर पहुंचने वाले बच्चों और परिवारों को मेले जैसा माहौल देखने को मिलेगा। पर्व को लेकर बाजार और घाटों में बढ़ती चहल-पहल से छठ की रौनक अब साफ दिखाई देने लगी है।

इधर, लोक आस्था के महान पर्व चार दिवसीय छठ पूजा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है। लक्ष्मीपुर, सौराहा और रतनपुरवा सहित आसपास के अन्य गांवों में भी छठ घाटों को पूरी तरह से सज-धज कर तैयार कर लिया गया है। घाटों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक सजावट से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। अखिलेश यादव, कृष्णा कुमार, और सोनू कुमार परदेशी महतो, संजय साह, गोविन्द साह, अभिषेक साह, संजय कुमार साह,समेत अन्य सहयोगियों की देखरेख में घाट की साफ-सफाई और रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। लक्ष्मीपुर गाँव में भी छठ घाट सजधज कर तैयार समाजसेवी लालजी शर्मा पैक्स अध्यक्ष इंद्रासन शर्मा ने कहा कि हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर रतनपुरवा गांव में भी छठ महापर्व को लेकर अभूतपूर्व उत्साह नजर आ रहा है। यहाँ के मुखिया सूरज सिंह और सहयोगी मुकेश कुमार, के नेतृत्व में युवाओं और ग्रामीणों ने मिलकर छठ घाट को भव्य रूप दिया है।

घाट के रास्तों को ठीक करने से लेकर सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि अस्ताचलगामी और उगते सूर्य को अर्घ्य देने आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम अनुभव मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों के इन सभी घाटों पर स्थानीय लोगों के आपसी सहयोग और प्रशासनिक तैयारियों ने इस महापर्व की रौनक को और अधिक बढ़ा दिया है। चारों तरफ गूंज रहे छठ के पारंपरिक लोकगीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।मनीटोला छठ घाट पर वार्ड सदस्य प्रमा चौहान, वृजेश यादव, सुदामा यादव,अवध किशोर मिश्रा, संतोष चौरसिया, हरेन्द्र यादव एवं अन्य युवाओं के तरफ से तैयारियां जोरों पर है।वही वृजेश यादव द्वारा उक्त छठ घाट पर अष्ठयाम का आयोजन रविवार शाम 4 बजे से शुरू होगा।

1.97 लाख मूल्य का अवैध कपड़ा जब्त

वाल्मीकिनगर (पचं)। पड़ोसी देश नेपाल के नवलपरासी जिला के पालहीनंदन गांवपालिका में भारतीय सीमा क्षेत्र से बिना भंसार का अवैध रूप से लाया गया एक लाख 97 हजार रुपए मूल्य का कपड़ा नेपाल पुलिस ने बरामद किया है। जिला



पुलिस कार्यालय नवलपरासी के सूचना अधिकारी मदन थापा ने बताया कि पालहीनंदन गांवपालिका के वार्ड नंबर छह गेर्मी में गुरुवार की संध्या गश्ती के दौरान नेपाल पुलिस के टीम को सड़क के किनारे लावारिस हालत में रखा हुआ एक प्लास्टिक का बंडल दिखाई दिया। जब बंडल को खोला गया तो उसमें से 91 पीस लेडीज सलवार सूट बरामद हुआ।

बरामद कपड़ा के बारे में अनुमान लगाया गया कि तस्करों द्वारा बिना भंसार का अवैध रूप से भारतीय सीमा क्षेत्र से लाया गया होगा। वहीं पुलिस को देख कपड़ा के बंडल को छोड़ तस्कर फरार हो गए होंगे। बरामद कपड़ा की अनुमति कीमत एक लाख 97 हजार रुपए आंका गया। बरामद कपड़ा को आवश्यक कार्रवाई के लिए महेशपुर भंसार कार्यालय को सुपुर्द करने की तैयारी की जा रही है।

बगहा दो की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बनीं साक्षी मिश्रा किया पदभार ग्रहण

बगहा (संसू)। बगहा दो प्रखंड में नई प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में



साक्षी मिश्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया है।पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्रखंड कार्यालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मियों से मुलाकात की और प्रखंड की शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,शिक्षकों की समय पर उपस्थिति,छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और सरकार की योजनाओं का सही क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में साफ-सफाई,मध्याह्न भोजन योजना, पुस्तक वितरण और आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों,अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। पदभार ग्रहण के अवसर पर प्रखंड के शिक्षक सौरभ कुमार,पिंटू कुमार, शैलेन्द्र कुमार और कर्मी राहुल कुमार पांडे मौजूद थे। सभी ने नई पदाधिकारी का स्वागत किया और सहयोग का भरोसा दिलाया।

सूपली दउरा बेचने से रोकने मामले में प्राथमिकी

वाल्मीकि नगर (पचं)। वाल्मीकिनगर थाना अंतर्गत चम्पापुर गनौली बाजार में सूपली दउरा बेचने को लेकर मारपीट किए जाने के मामले को लेकर वाल्मीकिनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कनघुसारी निवासी वीरेंद्र बासफोर ने बताया है कि वह चम्पापुर बाजार में सुपली दउरा बेचने गया था। जहां चम्पापुर निवासी योगेंद्र बांसफोर सहित नौ लोगों के द्वारा चम्पापुर बाजार में दउरा नही बेचने का चेतावनी देते हुए उसके साथ लाठी डंडा से मारपीट की गई। उनलोगों ने हमें चेतावनी दिया कि यह बाजार मेरा है यहां अन्य लोग समान नही बेच सकते है। लाठी से की गई मारपीट में मेरा सर भी फट गया। मेरा भाई जब हमें बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

छठ घाटों का थानाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

वाल्मीकिनगर (पचं)। आस्था के महापर्व छठ को लेकर टंकी बाजार दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं द्वारा वाल्मीकिनगर लवकुश घाट मार्ग की साफ सफाई युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है। इसके अलावा बेलवा घाट,कोतराहां हाइड्रल पावर हाउस, दरुआबारी,संतपुर , चंपापुर,सोहरिया के दोन नहर मार्ग में छठ घाट पर सफाई, के अलावा अन्य घाटों पर श्रद्धालु सामुहिक रूप से छठ माई की बेदी बनाने में भक्ति भाव से जूट गये है।टंकी बाजार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने बताया कि जीवन ज्योति स्कूल के पीछे वाली कच्चा मार्ग और तीन आर डी पूल से लवकुश घाट जाने वाले मार्ग में सफाई के साथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जा रही है ताकि, किसी व्रती को असुविधा न हो। स्थानीय टंकी बाजार और गोल चौक से लव कुश घाट स्थित छठ पूजा घाट तक जाने वाले मार्ग की साफ सफाई भी की जा रही है। इसके लिए पूजा मार्ग में प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है ताकि भक्तों को आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। वाल्मीकि नगर



थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि छठ पर्व आस्था का महापर्व है लव कुश घाट में पानी का स्तर घटने से पानी थोड़ी दूरी पर चला गया है ।जिसके लिए सिंचाई विभाग के अभियंता को बराज के एक नंबर और दो नंबर फाटक को आंशिक रूप से खोल देने पर विचार विमर्श किया गया है, ताकि वत्तियो को पत्थरों पर चल कर अर्घ देने के लिए ज्यादा दूर नहीं जाना पड़े।

बिहार सरकार

समाहरणालय, अररिया
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
अल्पकालीन निविदा संख्या– 01/2026

सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित वस्त्र वितरण कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2026–27) के तहत जिले के अपंग, भूमिहीन, निर्धन एवं भिक्षुकों के बीच वितरण हेतु ऊनी कम्बल क्रय किया जाना है। ऊनी कम्बल की न्यूनतम लम्बाई एवं चौड़ाई 8 फीट x 5 फीट तथा न्यूनतम वजन 2.4 कि0ग्रा0 का होना चाहिए। अतः सरकार, अर्द्ध सरकारी अथवा प्राईवेट प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्त्ताओं से कम्बल की आपूर्ति हेतु मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक 26.11.2026 को समय 11.00 बजे पूर्वाहण तक आमंत्रित की जाती है। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहर बन्द लिफाफे में प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिनांक **26.11.2026 को 03.00 बजे** अपराहन में निविदा समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता–सह–जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि (एक व्यक्ति के द्वारा किसी भी एक एजेन्सी का ही प्रतिनिधित्व किया जायेगा, एक से अधिक एजेन्सी के प्रतिनिधित्व की स्थिति में उनके द्वारा दिये गये सभी निविदा को रद्द कर दिया जायेगा) को ऊनी कम्बल का एक नमूना के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस निविदा के संबंध में पूरी जानकारी जिले के वेबसाईट **http://araria.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के लिए निम्नांकित शर्तें निर्धारित की जाती हैं:–

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 015428 (Welfare) 2026-27 **जिला पदाधिकारी, अररिया**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

मारपीट में दोनों पक्षों ने करायी प्राथमिकी

वाल्मीकि नगर (पचं)। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी अभय कुमार पिता अरविंद सिंह ने थाने में आवेदन देकर अपने ही गांव के पांच व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने आवेदन में लिखा है की 11 नवंबर को जब वह ट्रैक्टर लेकर घर जा रहा था तो गांव के चौमुहाने पर सुधीर कुमार पिता नारायण चौतरिया, और उसके साथी राजा कुमार ,संगम कुमार,चंदन कुमार और अन्य लोग बीच सड़क पर खड़े थे। बार-बार हौरन देने पर जब वह लोग नहीं हटे। मैं जब ट्रैक्टर से उतरकर गया तो उन लोगों ने मेरा हाथ पकड़ लिया । सुधीर कुमार मुझे मुक्के से मरने लगे। मेरे गले से सोने का चैन और पॉकेट से 12000 रुपए निकाल लिया गया। उन लोगों ने कहा कि हम थारू जनजाति से हैं ।

बच्चों ने याद किया चाचा नेहरू को, न्यू बाल विकास केंद्र में मनी जयंती

बगहा (संसू)। शहर के न्यू बाल विकास केंद्र में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी उपस्थित थी।

उन्होंने बच्चों को नेहरू जी के जीवन के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि नेहरू जी को बच्चे बहुत प्रिय थे,इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे।

देश के विकास में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।आजादी के बाद देश की स्थिति ठीक नहीं थी,ऐसे समय में उन्होंने देश को आगे बढ़ाने का काम किया।प्राचार्य श्रीकांत कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।इसमें सभी वर्ग के बच्चों के साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे। बच्चों को नेहरू जी के जीवन एवं उनके कार्यों के



बारे में बताया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा बच्चों के बीच कॉपी, कलम, मिठाई, टॉफी आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक विनोद गुप्ता, ओमप्रकाश, विजय, पल्लवी, दिव्या, समृद्ध, रमेश, इस्लाम, उर्जित, आलोक पाण्डेय,रामजी लाल आदि उपस्थित थे।

62 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार, बाइक जब्त

मधुबनी (आससे)। धनहा थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 62 लीटर देसी शराब के साथ दो कथित कारोबारियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपितों की बाइक भी जब्त कर लिया थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में अवैध रूप से देसी शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। पहली कार्रवाई तमकुहा बाजार के समीप की गई, जहां तमकुहा निवासी कन्हैया यादव को आठ लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई खोतहवा मोड़ के पास की गई, जहां कठार निवासी दीपू पटेल को 54 लीटर देसी शराब के साथ पुलिस ने दबोच लिया।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित शराब की खेप लेकर बाइक से जा रहे थे। तलाशी के दौरान शराब बरामद होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

Office of the Principal
Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi
Govt. of Bihar
Mail ID.- principal@sitsitamarhi.ac.in

NOTICE No. SIT/156/2026-27

NATs APPRENTISHIP VACANCY ANNOUNCEMENT

Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi announces vacancies for National Apprenticeship Training Scheme (NATs) Trainees for 2026-27 session in the following departments:-

Sl. No.	Branch	Qualification	No. of Vacancy	Stipend amount per month (in rs.)	
01	Civil Engg./Mechanical Engg./Electrical Engg./Computer Sc. & Engg.	Diploma	03	10000.00	As per DSTTE Guidelines

Walk-in-Interview
Interested Candidates need to appear in the walk-in-Interview on 27-11-2026 (Friday).
Reporting Time: - 11:00 AM
Venue: - Faculty Lounge, Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi, Gosainpur, Rasulpur-Dumra, Sitamarhi. Contact Person: - Mr. Upendra Kumar (Mob. No 9835577623.

Note: -
1. It is Mandatory for the candidates to have valid NATs-2.0 Student ID.
2. Candidates already undergoing or have Undergone Apprenticeship Training are not eligible to attend this interview.
3. Candidates are supposed to come with their CV. One set of photocopies of all Academic as well as reservation certificate (if applicable) along with valid ID proof and all original documents for verification.
4. Candidates must pass out Diploma in last 05 (five) years.
5. Selected candidate will be paid stipend for one year, as per rule under section 8(1) of the Apprentice's act 1961 as amended in 1973, 1986 and 2014 DSTTE, Patna guideline.
6. The reservation policy is given as per Bihar Govt. rule.
7. There is no provision of TA/DA will be paid for attending the interview. Visit website: - www.sitsitamarhi.ac.in for any kind of further information.

Principal
S.I.T., Sitamarhi

PR- 015395 (Science & Tech.) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

छठ घाटों पर तैयारियों का सांसद ने लिया जायजा

सफाई और सुरक्षा को लेकर दिये निर्देश

बगहा (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शहर के विभिन्न घाटों पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गुरुवार को वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने दीनदयाल नगर घाट समेत बगहा शहर के कई छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, सजावट और छठव्रतियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने नगर परिषद के सिटी मैनेजर चंदन कुमार को घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न पूजा समितियों से भी सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने की अपील की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने काली घाट, कुशवाहा घाट, सुखपुरवा, नारायणपुर घाट, शास्त्रीनगर, गोदियापट्टी और रुद्रमाला घाट का भी जायजा लिया।

इस दौरान सांसद ने घाटों पर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया और पूजा समितियों के सदस्यों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी घाटों पर की गई तैयारियों पर संतोष जताते हुए कहा कि पूजा समितियों ने बेहतर व्यवस्था की है। छठव्रतियों की सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से छठ महापर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न होगा।

निरीक्षण के दौरान जदयू नेता राकेश सिंह, जितेंद्र कुशवाहा, दयाशंकर सिंह और बबलू कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। विभिन्न घाटों पर वार्ड पार्षद राहुल मिश्रा, अखिलेश कुमार साह, मोहन साहू, राहुल सिंह, मो. लैश और जितेंद्र यादव ने सांसद का स्वागत किया। वहीं, दीनदयाल नगर घाट पर अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में मुकुरध्वज कुमार, महेश रजक, ब्रजेश यादव, लाली कुशवाहा, उमेश यादव, राकेश कुशवाहा, सुनील कुशवाहा और जीवनेश सिंह सहित अन्य सदस्यों ने सांसद का स्वागत किया।

कार्य में लापरवाही मामले में वनरक्षी निलंबित

वाल्मीकि नगर (पचं)। जटाशंकर मंदिर परिसर स्थित पुराने धर्मशाला भवन के पुनर्निर्माण को लेकर मंदिर समिति और वन विभाग के बीच चल रहा विवाद अब तूल पकड़ने लगा है। निर्माण कार्य पर वन विभाग की ओर से रोक लगाए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन अब तक कोई सार्थक समाधान नहीं निकल सका है। इस मामले विश्वस्त्र सूत्रों के मुताबिक कार्य में लापरवाही के मामले में वन विभाग ने वनरक्षी अंजनी कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं, पूरे प्रकरण की विभागीय जांच भी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच के दायरे में विभाग के कुछ अन्य वनकर्मियों की भूमिका भी आ सकती है। विभागीय कल कार्रवाई की तलवार अन्य वनकर्मियों पर भी लटक रही है। संतपुर सोहरिया पंचायत के पूर्व मुखिया के प्रतिनिधि और थारु संघ के सदस्य राजलाल महतो ने बताया कि जमीन की मापी और उपलब्ध कागजात के अनुसार संबंधित स्थल पर करीब 13 कट्ठा जमीन है, जिसमें मंदिर और धर्मशाला का परिसर लगभग 8 से 9 कट्ठा में फैला हुआ है।

उन्होंने वन विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि मामले का समाधान बातचीत और जमीन से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर किया जाना चाहिए। धर्मशाला के पुनर्निर्माण को लेकर विवाद के बाद स्थानीय लोगों और मंदिर समिति की ओर से समाधान की मांग की जा रही है। इस मामले में टाइगर रिजर्व वन प्रमंडल दो के डीएफओ विकास अहलावत से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण संपर्क नहीं हो सका। अब सबकी निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण
सूचना सं0–20 वर्ष 2026–2027
(Single Bid System)

Sl. No.	Name of Work.	Estimated cost (In Rs.)	Bid Security 2% (EMD In Rs.)	Cost of Bidding Document (In Rs.)	Bid Processing Fee	Time of Completion (In Month)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Estimate for Renovation of E.W & E.I in Boys Hostel-1(Babu Jagjivan Ram Hostel), G+1 of Dr. Bhimrao Ambedkar Residential+2 High School Raghopur Bakhari, Distt-Sitamarhi.	2130365.00	43000.00	5000.00	As per Online requirement	30 Day

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर भवन निर्माण विभाग।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दि0–10.11.2026
3. निविदा कागजात प्राप्त करने का (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–26.11.2026 से 10.12.2026 को 15.00बजे अपराहन तक
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–11.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
5. हार्ड कॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–12.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
6. ई–निविदा की खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–14.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
7. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा वैधता की अवधि :– 120 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

(बलवीर चन्द्र भारती) विद्युत कार्यपालक अभियंता,
PR- 015385 (BCD) 2026-27 विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, भवन निर्माण विभाग

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

मारपीट में पड़ोसी ने एक दूसरे पर कराया प्राथमिकी

वाल्मीकि नगर (पचं)। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के चरघरिया गांव निवासी गोरख कुशवाहा ने थाना में आवेदन दे कर अपने पड़ोसी द्वारा मारपीट,गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।उसने अपने आवेदन में लिखा है कि उसके बेटा का शादी कुछ दिन बाद है। गुरुवार को एक ट्रैक्टर मालिक से अपने दरवाजे पर मिट्टी गिराने के लिए बोला था ।मेरे दरवाजे पर जगह नहीं होने के कारण ट्रैक्टर से मिट्टी सड़क के किनारे गिरा दिया।

इस बात को ले कर मेरे पड़ोसी रमेश कुशवाहा, सोमनाथ कुशवाहा और लीलावती देवी मेरे दरवाजे पर आ कर गन्दी गन्दी गाली देने लगे। मना करते हुए हम बोले कि कल सुबह हटा लेंगे।इसी दौरान सोमनाथ ईंट उठा कर मेरे सर पर वार कर दिये जिससे मेरा सर फट गया और मैं नीचे गिर गया।तभी मेरे पॉकेट में रखे 1500 रुपए निकाल लिया गया।हल्ला सुन कर जब मेरी पत्नी आई तो उसके साथ भी मारपीट किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के लीलावती देवी पति सोमनाथ कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि सड़क पर मिट्टी गिरने के कारण आवाजाही में परेशानी हो रही है।जिसे बताने गए तब गोरख कुशवाहा,प्रभात कुमार,नीरज कुमार,किरण कुमारी,मधु देवी,अशोक कुमार तथा एक अन्य व्यक्ति जिसे नहीं पहचानती हूँ गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान प्रभात लोहे के रॉड से मेरे सिर मार कर फोर दिया।गोरख मेरा कपड़ा फाड़ दिया जिससे मै अर्ध नग्न हो गई। मधु देवी मेरे गले से लगभग 30 हजार मूल्य का सोने का सिकड़ी खींच ली हो हल्ला सुन कर मेरा बेटा और पति छुड़ाने आये तो उन लोगों के साथ भी मारपीट करने लगे। पड़ोसियों के बीच बचाव से हम लोगों की जान बच सकी।

वाल्मीकि आश्रम पहुंच संसदीय दल के सचेतक ने टेका मत्था

सांसद ने आश्रम परिसर में स्वर्ण चंपा का किया पौधारोपण

वाल्मीकि नगर (पचं)। पड़ोसी देश नेपाल के राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी संसदीय दल के सचेतक प्रकाशचंद्र परियार वाल्मीकि आश्रम के दर्शन के लिए शुक्रवार को वाल्मीकि आश्रम पहुंचे। इस दौरान परियार ने महर्षि वाल्मीकि का आश्रम तथा सीता माता के पाताल प्रवेश स्थल का दर्शन किया गया। वाल्मीकि आश्रम परिसर में स्थित त्रेता युग के लव कुश के द्वारा बांधा गया अश्वमेघ घोड़ा के कील, सीता माता का सिलवट, यज्ञ स्थल आदि पौराणिक एवं ऐतिहासिक निशानियों को भी सांसद ने देखा। सांसद के द्वारा वाल्मीकि आश्रम परिसर में स्वर्ण चंपा का पौधा रोपण कर पुरातात्विक तथा धार्मिक



महत्व से जुड़े आश्रम के संरक्षण तथा प्रवर्धन में प्रतिबद्धता व्यक्त किया। श्री परियार ने बताया कि वाल्मीकि आश्रम नेपाल तथा भारत दोनों देश के श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक पर्यटन और आस्था का महाकेन्द्र है।

वाल्मीकि आश्रम के विकास के लिए उनके द्वारा संसद में प्रस्ताव लाया जाएगा। इस अवसर पर कमल उपाध्याय, विश्व मर्दन शाह, टेक बहादुर क्षेत्री सहित दर्जनों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।